51–फूलपुर तथा 64–गोरखपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का उप निर्वाचन आज दिनांक 11–03–2018 को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0

उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जनपद के 51–फूलपुर तथा गोरखपुर जनपद के 64–गोरखपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में उप चुनाव के लिये मतदान आज दिनांक 11–03–2018 को प्रातः 7.00 बजे से सायं 5.00 बजे के मध्य शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

इस उप चुनाव में लगभग 39.13 लाख (21.51 लाख पुरूष तथा 17.61 लाख महिलायें) मतदाता हैं। उप चुनाव हेतु कुल 32 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं जिनमें से 03 महिला उम्मीदवार है।

उप चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिये सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये गये थे। निर्वाचन क्षेत्र के कुल 4296 पोलिंग स्टेशनों पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गयी थीं। 665 वीडियो/डिजिटल कैमरे चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखने के लिये लगाये गये थे। मतदान केन्द्रों पर 280 माइक्रो आब्जर्वर की भी ड्यूटी लगायी गयी थी। निर्वाचन क्षेत्र में 289 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 39 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 20 स्टेटिक मजिस्ट्रेट उप चुनाव ड्यूटी में पर्यवेक्षण हेतु लगाये गये थे। इसके साथ ही आयोग द्वारा नियुक्त 04 सामान्य, 02पुलिस प्रेक्षक तथा 02 व्यय प्रेक्षक पूरी प्रक्रिया पर निरन्तर नजर रखे हुये थे। मतदान प्रक्रिया की निगरानी हेतु 95 पोलिंग बूथों पर वेबकास्टिंग की भी व्यवस्था की गयी थी।

मतदान के दिन शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु 65 कम्पनी केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों/पीएसी की तैनाती निर्वाचन क्षेत्र में की गयी थी।

निर्वाचन क्षेत्रों से लगभग 41 बीयू, 38सीयू तथा 114वीवीपैट में मामूली तकनीकी शिकायतें प्राप्त हुयीं जिन्हें परिवर्तित कर सुचारू रूप से मतदान सम्पन्न कराया गया।

कार्यालय के संवाद केन्द्र में तैनात कर्मियों द्वारा निरन्तर मतदेय स्थलों से सम्बद्ध टेलीफोन नम्बरों पर सीधे सम्पर्क कर पूरे समय जानकारी प्राप्त की जाती रही।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार सायंकाल 5:00 बजे तक 51–फूलपुर लोकसभा में 37.39 तथा 64–गोरखपुर लोकसभा में 43 प्रतिशत मतदान हुआ। गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2014 में 51–फूलपुर लोकसभा में 50.16 तथा 64–गोरखपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 54.65 प्रतिशत मत पड़े थे।